Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:10 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:39 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 223 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 27 फरवरी 2024


यामी की आर्टिकल 370 का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### हाउस टैक्स व कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज न देने वालों पर होगी कार्यवाही

**हल्द्वानी।** नगर निगम प्रशासन ने कूड़ा कलेक्शन के ऐवज में यूजर चार्ज न देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी जारी की है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की ओर से सोमवार को जारी पत्र में कहा गया है कि निगम क्षेत्र में तमाम भवन स्वामी व व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वामियों के कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज व हाउस टैक्स नहीं देने का मामला संज्ञान में आया है। यह भी शिकायत मिली है कि भवन स्वामियों ने किराएदार तो रखे हैं, ऐसे किरायेदारों से भी कूड़ा कलेक्शन का शुल्क निगम को नहीं मिल रहा है। स्पष्ट किया गया है कि भवन व प्रतिष्ठान स्वामी समय पर यूजर चार्ज व गृहकर देना सुनिश्चित करें अन्यथा सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जा सकती है।

### संभल सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन

**संभल।** सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार चल रहा था। कुछ दिन पहले उनसे सपा नेता अखिलेश यादव ने मुलाकात की थी। संभल से सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। वह लंबे समय से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती थे। एक माह पहले अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिनों से उनकी हालत में सुधार था। मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्होंने उन्होंने अंतिम सांस ली। चार बार विधायक रहने के बाद 2019 में पांचवीं बार संभल से सांसद चुने गए। उम्र और अनुभव में देश के सबसे वरिष्ठ राजनेता रहे। अपने सियासी तेवरों के कारण उनकी अलग पहचान रही है। उनका सियासी सफर 60 वर्ष से भी ज्यादा का था।

# सत्र का दूसरा दिन, धामी सरकार ने सदन पटल पर रखा बजट

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आज धामी सरकार ने विधानसभा के पटल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट रखा। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेश हो रहे इस बजट का आकार करीब 90 हजार करोड़ तक का हो सकता है। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, सरकार जेंडर बजट के साथ राज्य के समग्र विकास पर आधारित बजट लेकर आई है। सरकार का बजट सशक्त उत्तराखंड पर केंद्रित है। प्रदेश सरकार 2025 तक उत्तराखंड को देश के सबसे अग्रणी राज्यों में



शामिल कराने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार बजटीय प्रावधान और नई योजनाओं का स्वरूप निर्धारित करेगी। सदन में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल बजट पेश कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड में विकास की संभावनाओं का नियंत्रित दोहन करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने का रोडमैप तैयार किया है। इस रोडमैप के तहत सरकार को पर्यटन, उद्यान, आयुष, सेवा, उद्योग, अवस्थापना विकास, तीर्थाटन और नई टाउनशिप के क्षेत्र में चरणबद्ध ढंग से कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीन पर उतारना है। इससे पहले विधानसभा सत्र में पहले राज्यपाल द्वारा दिए गए अभिभाषण को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बजट सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण प्रदेश सरकार के विजन का रोडमैप होता है। लेकिन अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं है। पुराने संकल्पों को दोहराया गया है। अभिभाषण पूरी तरह से निराशाजनक है। आर्य ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण प्रदेश सरकार का एक दस्तावेज होता है। प्रदेश की जनता को उम्मीद होती है कि सरकार अभिभाषण में राज्य के विकास को लेकर अपना विजन रखेगी। लेकिन इसमें नया कुछ नहीं है। इससे जाहिर होता है कि प्रदेश सरकार किस दिशा में काम कर रही है। विधानसभा सत्र के दौरान पेश होने वाला धामी सरकार का बजट सशक्त उत्तराखंड पर केंद्रित होगा। प्रदेश सरकार 2025 तक उत्तराखंड को देश के सबसे अग्रणी राज्यों में शामिल कराने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार बजटीय प्रावधान और नई योजनाओं का स्वरूप निर्धारित करेगी।

### प्रधानमंत्री ने वीएसएससी का किया दौरा

# इसरो के गगनयान मिशन की तैयारी देखने तिरुवनंतपुरम पहुंचे मोदी

तिरुवनंतपुरम
एजेंसी

पीएम मोदी स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। केरल के बाद नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा के लिए तमिलनाडु जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के तिरुवनंतपुरम में पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा किया। मौके पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्य मंत्री मुरलीधरन और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ भी मौजूद रहे।

बता दें, पीएम मोदी यहां स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ये प्रोजेक्ट्स सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा में पीएसएलवी एकीकरण सुविधा, महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में नई सेमी-क्रायोजेनिक्स इंटीग्रेटेड इंजन और


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा किया।

### अंतरिक्ष में जाने वाले चार भारतीयों को आज सम्मानित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष में जाने वाले चार भारतीयों को आज सम्मानित किया। अंतरिक्ष में जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर सुभांशु शुक्ला शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष में जाने वाले चार भारतीयों को आज सम्मानित किया। अंतरिक्ष में जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर सुभांशु शुक्ला शामिल हैं।

स्टेज टेस्ट सुविधा और वीएसएससी तिरुवनंतपुरम में ट्राइसोनिक विंड टनल हैं। इन्हें तैयार करने में करीब 1800 करोड़ रुपये लागत आई है।

# पहाड़ी इलाकों में आज भी बिगड़ा रहेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी के बने आसार


देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज मंगलवार को भी हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में बिजली चमकने और गर्जन के साथ बारिश होने के आसार हैं।

जबकि, इन जिलों के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पर्वतीय जिलों में मौसम बदलने के असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा। देहरादून में 27 फरवरी को आंशिक रूप से लेकर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

### नैनीताल में बादलों ने डेरा, ठंड बढ़ी

**नैनीताल।** नैनीताल में सोमवार को आसमान में अधिकांश वक्त बादलों ने डेरा जमाए रखा। मौसम के बदले मिजाज की वजह से नगर में अन्य दिनों की तुलना में अधिक ठंड महसूस की गयी। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ वायु मंडलीय विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चला है। जिसका असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों में रहेगा। निचले हिस्सों में बादल आते जाते रहेंगे वहीं जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं आद्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।



# हादसा: तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**हादसा**
- घटना पंतनगर क्षेत्र नगला बाईपास की

थाना पंतनगर क्षेत्र नगला बाईपास में तेज रफ्तार डंपर ने एक स्कूटी सवार को रौंद दिया। स्कूटी सवार की मौत हो गई। डंपर उसे स्कूटी समेत काफी दूर तक घसीटता ले गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक देर शाम स्कूटी संख्या यूके 06/बीई 0380 पर सवार अज्ञात व्यक्ति किच्छा से लालकुआं की ओर जा रहा था। नगला बाईपास पर किच्छा से रुद्रपुर की ओर तेज रफ्तार से आ रहा डंपर ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। बताया जा रहा है कि स्कूटी पहियों में फंस गई और डंपर उसे काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद डंपर लेकर भाग रहे लोगों ने पीछा करते हुए पकड़ लिया और चालक की जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त 47 वर्षीय जगदीश सिंह निवासी बाजपुर चौराहा दवाई फार्म बिंदुखत्ता लालकुआं के रूप में हुई। इंस्पेक्टर आरएस डांगी ने बताया कि मृतक के परिवार को सूचना दी। परिवार के लोग भी पहुंच गए। मृतक के एक बेटी और तीन बेटे हैं। मृतक अपने छोटे बेटे को बेटी के यहां छोड़कर घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्टरी का बॉयलर फटने से दो कर्मचारियों की मौत, तीन घायल

मेरठ
एजेंसी

मेरठ के मवाना में आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। यहां टायर गलाने की फैक्टरी में बायलर फटने से धमाका हो गया। हादसे में दो कर्मचारियों की मौत हो गई जबकि तीन झुलस गए। पुलिस मौके पर पहुंची है।

मेरठ के मवाना थानाक्षेत्र में फिटकरी गांव के नजदीक एक फैक्टरी में हुए हादसे ने दो मजदूरों की जान ले ली। बताया गया कि आज सुबह फैक्टरी का बॉयलर फटने से हादसा हो गया, जिसमें फैक्टरी में काम कर रहे दो कर्मचारी चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना की जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने चाहे लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। वहीं कर्मचारियों की



मौत की खबर सुनते ही परिजन मौके पर दौड़े। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मवाना में फिटकरी गांव के रास्ते पर स्थित टायर गलने वाली फैक्टरी में मंगलवार सुबह 5:30 बजे फैक्टरी का बॉयलर फट गया। इससे वहां काम कर रहे दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि तीन बुरी तरह झुलस गए। करीब एक घंटे तक झुलसे मजदूर और मृतकों के शव फैक्टरी में ही पड़े रहे। उसके बाद मौके पर उपलब्ध हुई एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद घटनास्थल पर डीएम, एसएसपी, एसपी देहात आदि अधिकारी पहुंचे।

बताया गया कि गांव के रास्ते पर मेरठ निवासी अमित ठाकुर व दीपक जैन ने टायर गलने वाली फैक्टरी लगाई हुई है। यहां टायर को गलाकर तेल, राख, तार आदि अलग किए जाते हैं। फैक्टरी में इंचौली थाना क्षेत्र के किशोरीपुर गांव के करीब एक दर्जन लोग कार्य करते हैं।

मंगलवार सुबह फैक्टरी में लोग काम पर लगे हुए थे। इसी दौरान हादसा हो गया। करीब 5:30 बजे बॉयलर फट गया, जिसकी चपेट में आए शंकर(27) पुत्र विजयपाल जाटव, प्रवीण(32) पुत्र चतरू जाटव निवासी किशोरीपुर की मौत हो गई, जबकि दिनेश, शैंकी और उसके पिता सोहनपाल झुलस गए।

अन्य कर्मचारियों के मुताबिक एक घंटे तक एंबुलेंस, पुलिस को कॉल करते रहे लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। करीब 6:30 बजे एंबुलेंस आई। घायलों को गंगानगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी, एसपी देहात, एसडीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया। हजारों की संख्या में ग्रामीण फैक्टरी में पहुंच गए।

# कुमाऊं विवि के डीएसबी में दो दिवसीय कार्यशाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को एडवांस टूल्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ एंड फिटनेस असेसमेंट विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता कला संकायाध्यक्ष प्रो. पद्म सिंह बिष्ट तथा संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो.ललित तिवारी ने किया। इससे पूर्व कार्यशाला में मौजूद सभी अतिथियों व अन्य जनों का शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा.संतोष कुमार ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों को बैच लगाया गया जबकि डॉ. तरुण रावत को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ.तरुण रावत स्पोर्ट्स ऑफिस सर एसवी राजकीय महाविद्यालय बुधनी (मध्य प्रदेश) ने विद्यार्थियों को फ िट रहने के टिप्स दिए तथा बताया कि एक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनी दिनचर्या कैसे बनाए रखनी चाहिए, खाने पीने में कैसे सामंजस्य रखना है। उन्होंने बताया कि अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन, आयरन तथा कार्बोहाइड्रेड में संतुलन बनाए रखना चाहिए। भोजन में सबसे जायदा जरूरी है कि कौन सा भोजन किस समय करना है, सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। कहा कि प्रोटीन की डाइड ब्रेक फास्ट या लंच के साथ लेना सेहत के लिए लाभदायक होता है यदि जल्दी डिनर करनें की आदत हो तो लिया जा सकता है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने शारीरिक संगठन के विभिन्न आयामों का मूल्यांकन करना सीखा जिनमें शारीरिक वसा, बीएमआई, बीएमआर तथा टारगेट हार्ट रेट जोन आदि को कैसे बिना मशीन के जांचा जा सकता है इसके बारे में भी चर्चा हुई। इस मौके पर कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने सभी से स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक अभ्यास करने को कहा। डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

कार्यशाला में एमबीपीजी के स्पोर्ट ऑफिसर डा. सुरेंद्र सिंह,सरदार शहीद भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.राजेश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के समन्वयक डॉ. विजय कुमार समेत डॉ.दीपा आर्या,डॉ.गीतिशा शर्मा, शुभम विश्वकर्मा तथा लाल सिंह बिष्ट ने उपस्थित रहे।

## परीक्षा परिणाम घोषित

कुमाऊं विवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डा.महेंद्र सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को परीक्षा अनुभाग की ओर से 17 कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। डा.राणा के मुताबिक जिन कक्षाओं के रिजल्ट घोषित किए गए हैं उनमें क्रमश: एमफार्मा पहला तथा तीसरा सेमेस्टर,बीबीए पहला सेमेस्टर तथा बीसीए तीसरा सेमेस्टर, डिप्लोमा इन पर्यटन प्रथम सेमेस्टर,बी.वीओसी हास्पिलिटी मैनेजमैंट पहला सेमेस्टर, डिप्लोमा इन हास्पिलिटी मैनेजमैंट प्रथम सेमेस्टर, बीकाम आनर्स प्रथम सेमेस्टर, बीएससी होम साईस प्रथम सेमेस्टर, बीए इन एनीमेशन तथा डिजाईनिंग पहला सेमेस्टर, बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर, बीएससी आईटी प्रथम सेमेस्टर,बीए इन जर्नलिज्म एंड मास कम्यूकेशन पहला सेमेस्टर,बीएससी वन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर तथा बीएचएम प्रथम सेमेस्टर तथा बीएससी फैशन डिजाईनिंग प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है।

## नैनीताल काम करने आए युवक की झील में डूबने से मौत

नैनीताल । पिथौरागढ़ से नैनीताल काम करने आया युवक नैनीझील में डूब गया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला चिकित्सालय बीडी पांडे पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृत कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मदकोट पिथौरागढ़ निवासी नवीन उर्फ नब्बु (20) नैनीताल में होटलों में काम करता था। बीते दिनों घर जाकर वह एक हफ्ते पहले ही नैनीताल वापस आया था। वह रविवार को देर शाम कैनेडी पार्क बोट स्टैंड के समीप कपड़े खोलकर झील में कूद गया। वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने जब उसको डूबते देखा तो पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को झील से निकाल कर बीडी पांडे अस्साल ले आई। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि परिजनों के नैनीताल पहुंचने पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद शव परिवारों के लोगों को सौंप दिया।



# गंदगी फैलाने पर प्रशासन और जिला पंचायत ने की कार्यवाही

नैनीताल/गरमपानी

हमारे संवाददाता

**कार्यवाही**

● दुकानों के पीछे से गंदगी होने पर की गई चलानी कार्यवाही

खैरना बाजार में सोमवार को प्रशासन तथा जिला पंचायत और पुलिस ने होटल, रेस्टोरेन्ट तथा दुकानों के पीछे गन्दगी फैलाने पर कार्यवाही शुरू की गई। जिसमें खैरना बाजार में गंदगी फैलाने पर दो व्यापारियों का पुलिस एक्ट में तहत चालान किये गये।

वही प्रशासन और पुलिस ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा दोबारा गंदगी मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वही इस दौरान जिला पंचायत द्वारा नदी तथा दुकानों के पीछे जमा कुड़े और कचरे का निस्त्रारण किया गया। जिसमे राजस्व उपनिरीक्षक विजय नेगी ने कहा कि यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है जो आगे भी चलाया जाएगा इस दौरान कोई भी व्यक्ति या व्यापरी गन्दगी फैलाते हुवे पाया गया यो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पटवारी विजय नेगी, एएसआई हरभजन सिंह राणा, जगदीश धामी, इतीश कुमार मौजूद रहे।

# विनियमितीकरण के संबंध में पारित आदेश का स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के दैनिक वेतन, संविदा तथा तदर्थ आधारित 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों के विनियमितीकरण के संबंध में पारित आदेश का उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने स्वागत किया है एवं उत्तराखंड सरकार से इस हेतु शासनादेश जारी करने का अनुरोध किया है।

महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत एवं महामंत्री प्रशांत मेहता ने जानकारी दी कि उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में लंबे समय से कर्मचारियों के भारी संख्या में पद रिक्त हैं एवं विश्वविद्यालयों में दैनिक तथा संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी कार्य संचालन कर रहे हैं। इन पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु संगठन द्वारा लंबे समय से मांग उठाई जाती रही है परंतु विश्वविद्यालयों में कोई नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। इसके साथ ही संगठन द्वारा विद्यालय में कार्यरत संविदा, दैनिक तथा आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण की मांग भी प्रमुखता से की गई है। इसी क्रम में उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश से सभी कार्मिकों में नहीं आशा जागृत हुई है। इस आदेश के फलस्वरुप विश्वविद्यालय में भी नियमितीकरण का रास्ता खुला है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा सचिव कार्मिक को पत्र प्रेषित करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप राज्य में राज्य में सेवाओं में संलग्न संविदा व दैनिक आधारित कार्मिकों के नियमितीकरण का आदेश पारित करने का अनुरोध पत्र प्रेषित किया है। साथ ही संगठन द्वारा इस प्रक्रिया में उपनल कर्मियों को भी शामिल करने की भी मांग की गई। दूसरी ओर उच्च न्यायालय उत्तराखंड के आदेश के क्रम में उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत द्वारा यह भी मांग की गई है कि उत्तराखंड शासन राज्य में कार्यरत दैनिक, संविदा तथा तदर्थ कर्मचारियों की 10 सेवाओं की पूर्णता पर विनियमितिकरण का संशोधित आदेश भी जारी करें ताकि इसका लाभ उक्त समस्त एवं अर्ह कार्मिकों को प्राप्त हो सके।

## NEWS / फटाफट

### आठ कार्यकर्ताओं को महत्पूर्ण दायित्व देने पर जताया आभार

नैनीताल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व जिला नेतृत्व का मंडल नैनीताल के 8 कार्यकर्ताओं को महत्पूर्ण दायित्व देने पर शीर्ष नेतृत्व का विशेष आभार जताया गया। भाजपा की मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत के मुताबिक चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी विमल बिष्ट, निकाय प्रकोष्ठ संयोजक अरविन्द सिंह पडियार, लघु उद्योग प्रकोष्ठ संयोजक हरीश भट्ट, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सह संयोजक जगमोहन सिंह बिष्ट, व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक पंकज राठौर, विधि प्रकोष्ठ सह संयोजक उमेश भट्ट, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सह संयोजक संजय साह तथा सेवानिवृत कर्मचारी सह संयोजक चंदन सिंह चामियाल को सौपी गयी है। इस बीच सभी कार्यकर्ताओं को रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भारत सरकार अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्या, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शान्ति मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री विमला अधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### आईएससी 12वीं बोर्ड के तहत रसायन विज्ञान परीक्षा निरस्त

नैनीताल । आईएससी 12वीं बोर्ड के तहत रसायन विज्ञान प्रश्न पत्र की जो परीक्षा सोमवार को होनी थी वह अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गयी है। शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने बताया कि सोमवार को दूसरी पाली में यह परीक्षा होनी थी। बोर्ड का आदेश आते ही परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। बताया कि अब यह परीक्षा 21 मार्च (गुरुवार) को होगी। नगर में इस बोर्ड से सम्बद्ध चार विद्यालय आवासीय व दिवसीय हैं जिनमें तीन सौ विद्यार्थी 12वीं की परीक्षा दे रहे हैं।

# रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को सीएम से मिलेंगे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा काठगोदाम नैनीताल की मासिक बैठक काठगोदाम डिपो में हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष आनंद बल्लभ जोशी और संचालन शाखा मंत्री मनोज मनराल ने किया। बैठक में संविदा विशेष श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण पर लगी रोक हटाने पर हाईकोर्ट का आभार व्यक्त किया गया। सभी वक्ताओं ने मृतक आश्रित कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति देने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। साथ ही संविदा विशेष श्रेणी एवं तकनीकी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि परिवहन निगम में विगत कई वर्षों से नियमितीकरण करण की बांट जोह रहे उन सभी कर्मचारियों को नियमित किया जाए जिन्हें परिवहन निगम में कार्य करते हुए 10 वर्षों से अधिक हो गए हैं। प्रांतीय अध्यक्ष आन सिंह जीना ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रांतीय शिष्टमंडल कर्मचारी की समस्याओं के तुरंत निदान हेतु मुख्यमंत्री से भेंट करेगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल क्षेत्रीय मंत्री श्री श्याम सिंह साही, प्रांतीय संगठन मंत्री शंकर सिंह, भूपेंद्र बिष्ट, संदीप रेसवाल, जोगा सिंह, विजय जीना, भोपाल जीना, सरोज पंत मनोज जीना राजेश कोहली सुभाष मिश्रा आदि उपस्थित थे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# ब्लॉक प्रमुख बिष्ट ने जन संवाद कार्यक्रम में व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



**बैठक**

● बाहरी व्यक्ति द्वारा किया गया था मार्ग में कब्जा को लेकर

भीमताल ब्लाक के तहत चकबहेड़ी-हैडियागांव के ग्रामीणों ने बताया मुख्य मार्ग पर बाहरी व्यक्ति द्वारा मुख्य मार्ग में कब्जा किया गया था, ग्राम प्रधान के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मार्ग को खुलवाने की मांग ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट से जनसंवाद व क्षेत्र पंचायत बैठक में की थी।

बता दें कि हैडियागांव व चकबहेड़ी के वाशिंदों ने रोड बनवाने को लेकर ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन सौंपा था। बताया कि बाहरी व्यक्ति द्वारा मार्ग में अतिक्रमण कर मार्ग घेरा गया था रोड को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था ग्रामीणों ने कहा रोड निर्माण ना होने से अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने रोड को लेकर सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को शीघ्र मार्ग खुलवाने के मौके पर जाने के निर्देश दिए थे। उपजिलाधिकारी नैनीताल को इस सम्बन्ध में पत्र लिखा था जिसे विगत दिवस खुलवा दिया है। इस मार्ग के निर्माण के लिए ब्लॉक प्रमुख ने बताया 3.50 लाख से मार्ग की दशा सुधरेगी। ग्रामीणों के सुख सुविधाओं के निरंतर प्रयास जारी है मार्ग की गंभीर समस्या को सुलझाने व निर्माण के लिए हैडिया गांव की ग्राम प्रधान कमला देवी तथा चकबहेड़ी के दिनेश चंद, घोड़ाखाल गणेश जोशी समेत प्रदीप कुमार, हेम चन्द्र, गोपाल चंद, ओम प्रकाश, मुन्नी देवी, चंचल गुर्रानी, चंद प्रकाश सहित अन्य ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का आभार व्यक्त किया।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## जनहित का निर्णय

*उत्तराखंड में सेना, अर्द्धसैन्य बल के सेवानिवृत्त अधिकारी व सैनिक अधिक हैं। सेना के अस्पतालों से रिटायर डाक्टरों से राज्य सरकार को सम्पर्क करने का प्रयास करना चाहिए। इस बारे में कुछ साल पहले विचार किया गया था, लेकिन गंभीरता से अमल नहीं किया गया। सेना के अधिकारी व जवान, डाक्टर और इंजीनियर विषम परिस्थितियों में कार्य करने का साहस रखते हैं। सुविधाभोगी नहीं होते हैं। राज्य सरकार सेना से रिटायर डाक्टरों को पर्वतीय क्षेत्र में संविदा पर नियुक्त कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराये तो पर्वतीय क्षेत्र की चिकित्सा सेवा में सुधार हो सकता है।*

उत्तराखंड में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय किया है। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की उम्र 65 वर्ष कर दी है। इससे पहले रिटायर डाक्टरों को संविदा पर नियुक्त करके 65 साल तक कार्य करने का फैसला किया था। कुछ सेवानिवृत्त विशेषज्ञ डाक्टरों ने संविदा पर काम शुरू किया था। अब नियमित चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी है तो संविदा पर नियुक्त होने वालों की उम्र 70 वर्ष किये जाने पर विचार हो रहा है, यदि यह निर्णय किया जायेगा तो जनहित में होगा। पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक रिटायर होने से पहले ही तैनात नहीं होना चाहते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद तो मुश्किल से ही जाने को राजी होंगे। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले पर्वतीय क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का बहुत अभाव था। राज्य बनने के बाद भले ही जनआकांक्षा के अनुरूप विकास नहीं हुआ है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं काफी हद तक उपलब्ध हुई हैं। पर्वतीय क्षेत्र में जिला मुख्यालयों के चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सक कुछ साल काम करने के बाद देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी आदि में स्थानांतरण की कोशिश करते हैं। रिटायर होने के बाद बड़े शहरों में निजी प्रेक्टिस शुरू कर देते हैं अथवा प्राइवेट अस्पतालों में काम करते हैं। उत्तराखंड में सेना, अर्द्धसैन्य बल के सेवानिवृत्त अधिकारी व सैनिक अधिक हैं। सेना के अस्पतालों से रिटायर डाक्टरों से राज्य सरकार को सम्पर्क करने का प्रयास करना चाहिए। इस बारे में कुछ साल पहले विचार किया गया था, लेकिन गंभीरता से अमल नहीं किया गया। सेना के अधिकारी व जवान, डाक्टर और इंजीनियर विषम परिस्थितियों में कार्य करने का साहस रखते हैं। सुविधाभोगी नहीं होते हैं। राज्य सरकार सेना से रिटायर डाक्टरों को पर्वतीय क्षेत्र में संविदा पर नियुक्त कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराये तो पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा सेवा में सुधार हो सकता है। हल्द्वानी बेस चिकित्सालय के अल्ट्रासाउंड के विशेषज्ञ चिकित्सक ने रिटायर होने के बाद स्वेच्छा से हल्द्वानी के ही महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ के रिक्त स्थान पर सीमित समय तक कार्य करके प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया था। दरअसल उन चिकित्सक का आवास हल्द्वानी में है। ज्यादातर चिकित्सक और अन्य विभागों के अधिकारी सेवाकाल में हल्द्वानी, देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर में आवास बना लेते हैं। रिटायर होने पर इन्हीं महानगरों के बड़े प्राइवेट अस्पतालों में काम करते हैं। इसी लिए पूरे राज्य में मात्र तीन-चार महानगर मेडिकल हब बन गये हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए अलग उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया था। पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा ही है और विकास कार्य महानगरों तक सीमित होकर रह गया।

# दादा-दादी व नाना-नानी से सुनी कथा का नाट्य मंचन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में भगतु माया नाटक का मंचन किया गया। मदन मेहरा लिखित इस नाटक का निर्देशन खुद मदन मेहरा के अलावा उमेश कांडपाल ने संयुक्त रूप से किया और नाटक में संगीत निर्देशन नवीन बेगाना ने किया है जबकि गीत गीत हेमंत बिष्ट के रहे।

बता दें कि दादा- दादी व नाना-नानी से सुनी दंत कथा पर आधारित इस नाटक में दर्शाया गया था कि सामंत वादी शक्ति का सामना खेतिहार द्वारा एकता और समझधारी का परिचय देकर किया जा सकता है और यह नाटक प्रयोगात्मक होते हुए जागर शैली को समायोजित किया हुआ था। नाटक में काल्पनिक पात्र माया के माध्यम से कहानी को उसके अंजाम तक ले जाया गया था।

नाटक में भास्कर बिष्ट, योगिता तिवारी, राहुल पडियार, नीरज डालाकोटी, उमेश कांडपाल, मदन मेहरा, पवन कुमार, काव्यांश, पंकज, अर्जुन, चित्रा, अनुष्का, आरती, निकिता, मुकेश धस्माना, अफ रोज अंसारी तथा जावेद हुसैन ने अभिनय किया। संगीत में नवीन बेगाना, भुवन कुमार, उमा, संजय कुमार,अमन महाजन, धीरज कुमारए कैलाश कपिलए रवि नेगीए रोहित कुमारए रोहित वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। मंचन हेतु अन्य सहयोग मिथिलेश पांडे, किशन लाल, अनवर रजा, मनोज चौन्याल, नासिर अली, कौशल शाह जगाती, मनोज साह, विमल चौधरी, मोहित साह तथा जगदीश बबाड़ी ने प्रदान किया। संचालन हेमंत बिष्ट ने किया।

इस दौरान नैनीताल नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम समेत हरीश सिंह राणा, डी.के. शर्मा, राजेश आर्य, अजय कुमार, हसन रजा, डॉ. मोहित सनवाल, गिरीश जोशी, मुकुल जोशी, मनोज साह, दीपक सहदेव, मनोज कुमार, खुर्शीद हुसैन, आकाश नेगी, पुनीत सम्राट और समस्त रंगकर्मी व नगरवासी उपस्थित रहे।

## रुद्रपुर में महिला ट्रेफिक कर्मी पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास,बाल-बाल बची

**रुद्रपुर।** डीडी चौक पर यातायात डयूटी पर तैनात महिला यातायात कांस्टेबल पर नो इंट्री में घुसा ट्रक चढ़ाने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक एक ट्रक नो इंट्री में घुस आया था। इस पर वहां तैनात महिला कांस्टेबल ने उसे रोका, लेकिन वह नहीं रूका। बाद में उसने ट्रक साइड में लगाया। शहर में यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस ने सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की नो इंट्री की है। सुबह 10 बजे के आसपास एक ट्रक किच्छा रोड से नो-इंट्री क्षेत्र से होते हुए डीडी चौक तक पहुंच गया। यह देख डीडी चौक पर तैनात एक महिला कांस्टेबल ने उसे आगे से रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने ट्रक नहीं रोका। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ट्रक काफी रफ्तार में था, इस पर महिला कांस्टेबल ने साइड हटकर अपनी जान बचाई। बाद में चालक को महिला कांस्टेबल से माफी मांगने पर छोड़ दिया।

# लाखों की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, डीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



पुलिस ने लाखों रूपए कीमत की स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ डीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। तस्कर स्मैक दातागंज उत्तर प्रदेश से खरीद कर लाए थे।

मामले का खुलसा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि टीपी नगर पुलिस क्षेत्र में वाहनों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान टांडा बैरियर से बाइक पर आ रहे तीन युवक पुलिस को देखकर पीछे की ओर मुड़कर भागने लगे। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उनकी तलाशी ली गई तो 223 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने चरनजीत सिंह निवासी दूधिया नगर वार्ड 4 रूद्रपुर, मनीष कुमार निवासी बरगवां रसूलपूर बहेडी और रिकू कश्यपनिवासी नाथपूर अंगदराय दातागंज बदायूं बताया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने स्मैक दातागंज में रहने वाले बिटटू नामक व्यक्ति से लाने की बात कही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस तीनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। एसएसपी ने बताया कि चरणजीत सिंह रोडवेज बस का चालक है। यह इनके साथ मिलकर स्मैक को हल्द्वानी लाते हैं और बेचते हैं। चरनजीत और मनीष आपस में जीजा और साला हैं। पुलिस टीम में एएनटीएफ प्रभारी बलवंत सिंह, सुशील जोशी, चौकी प्रभारी टीपी नगर, कां. नवीन राणा, नवीन कुमार, अमनदीप, अरविंद कार्की, राजेंद्र जोशी, सोनू सिंह शामिल रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम की सफलता पर ढाई हजार रूपए ईनाम देने की घोषणा की है।

# फिल्मी दुनिया

## यामी की आर्टिकल 370 का जलवा बरकरार



*सिनेमाघरों में हमेशा कई फिल्में लगी रहती हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन कराती हैं। इस महीने कई मशहूर सितारों की फिल्में सिनेमाघरों में लोगों के मनोरंजन के लिए लगी हुई हैं। जनवरी में रिलीज हुई ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर अभी तक टिकी हुई है। वहीं, 9 फरवरी को रिलीज हुई शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। वहीं, इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में यामी गौतम की आर्टिकल 370 और विद्युत जामवाल की क्रैक ने भी दस्तक दी है। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे को पछाड़ने में लगी हैं। यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म में यामी और प्रियामणि के अभिनय प्रदर्शन की भी जमकर तारीफ हो रही है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने अच्छी कमाई की थी, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला है। यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 मंडे टेस्ट में पास हो गई है। सोमवार को यानी चौथे दिन फिल्म ने 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म ने 26.15 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन कर लिया है।*

## क्रैकः जीतेगा तो जिएगा

*विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल स्टारर क्रैक जीतेगा तो जिएगा सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में विद्युत और अर्जुन के साथ नोरा फतेही भी एक्शन अवतार में नजर आई हैं। शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर जबर्दस्त कमाई की थी। हालांकि, बाद में फिल्म की कमाई धीमी हो गई है। क्रैक ने ओपनिंग डे पर 4.25 करोड़ कमाए थे। इस बाद इसकी कमाई में गिरावट देखने को मिली है। चौथे दिन क्रैक ने एक करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म ने 9.70 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन कर लिया है।*

# लोगों की शिकायत पर आवारा कुत्तों को पकड़कर ले गयी निगम की टीम

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम प्रशासन से शिकायत करने के बाद मंगलवार को टीम वार्ड-5 पॉलिसीट पहुंची और आवारा कुत्तों को पकड़ा।

वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्षेत्र में पिछले लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक बना है। कुत्तों के डर से जहां बच्चे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं वहीं कुत्ते जगह-जगह गंदगी फैला रहे हैं। इससे बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। इस मामले में भाजपा नेता व वार्ड निवासी विक्रम सिंह अधिकारी ने नगर निगम प्रशासन से शिकायत की थी। इसके तहत मंगलवार को निगम की टीम वार्ड में पहुंची और आवारा कुत्तों को पकड़ कर ले गयी। निगम अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार आवारा कुत्ते जहां घुमाते या रहते हैं वहीं क्षेत्र उनका आश्रम स्थल माना जाता है। ऐसे में टीम कुत्तों को पकड़कर निगम के एबीसी सेंटर में बधियाकरण करेगी, ताकि उनकी तादाद को कम किया जा सके। इस दौरान शिव मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष गोविंद बिष्ट, किशोर पाठक, नवीन पांडे, पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया आदि ने टीम का सहयोग किया।



## News कॉर्नर

### निरीक्षकों के तबादले, इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**हल्द्वानी।** पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं रेंज डा. योगेंद्र सिंह रावत ने कुमाऊं मंडल में 12 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। देर शाम जारी आदेश में उधम सिंह नगर में तैनात निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू को चंपावत, राजेश यादव को अल्मोड़ा से नैनीताल, नासिर हुसैन को अल्मोड़ा से उधम सिंह नगर, श्वेता दिगारी को अल्मोड़ा से नैनीताल, अजय लाल साह को अल्मोड़ा से उधम सिंह नगर, राजेंद्र रावत को बागेश्वर से उधम सिंह नगर, त्रिलोक राम को बागेश्वर से उधम सिंह नगर, प्रभात कुमार को पिथौरागढ़ से नैनीताल, हिमांशु पंत को पिथौरागढ़ से उधम सिंह नगर और मोहन चंद्र पाण्डेय को पिथौरागढ़ से नैनीताल स्थानानतरित किया गया है। इसके अलावा उधम सिंह नगर में तैनात निरीक्षक नरेश चौहान को चंपावत, दिनेश सिंह फर्त्याल को उधम सिंह नगर से अल्मोड़ा भेजा गया है।

### गुजरात में डंपर से टकराई एसयूवी, पांच लोगों की मौत, दो गंभीर

**गुजरात।** पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना अहमदाबाद के ढोलका में सुबह करीब पांच बजे हुई। एसयूवी में सवार लोग दाहोद से बोटाद जिले जा रहे थे। गुजरात के अहमदाबाद में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक एसयूवी सड़क के किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना अहमदाबाद के ढोलका में सुबह करीब पांच बजे हुई। एसयूवी में सवार लोग दाहोद से बोटाद जिले जा रहे थे। घटना में मारे गए सभी पुरुष हैं। घायलों को नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसएसपी ने किया कोतवाली जसपुर का वार्षिक निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली जसपुर का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने के दौरान जनता की समस्याओं के निवारण हेतु थाना प्रभारी और हल्का प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने

नशे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने के लिए प्रत्येक दिवस नशे पर कार्रवाई की जाए तथा शराब तस्करी करने वालों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अधीनस्थों को आगामी लोकसभा



चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने वर्दी के अच्छे टर्नआउट और वेपन हैंडलिंग की अच्छी जानकारी रखने वाले पुलिस कर्मियों को नकद रिवार्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसपी काशीपुर अभय सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### एसएसपी ने जनसंवाद में लोगों की सुनी समस्याएं

रुद्रपुर। एसएसपी ने जसपुर कोतवाली के निरीक्षण के बाद कोतवाली में जनसवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया। उन्होंने जसपुर क्षेत्र के व्यापारी, जनसेवक व स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने एसएसपी ने समक्ष समस्याएं रखी। एसएसपी ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इसके साथ ही उन्होंने अधीनस्थों को जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# पहाड़गंज किशोरी हत्याकांड के आरोपी मां-बाप गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने पहाड़गंज में हुई किशोरी हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए घटना को अंजाम देने वाले आरोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। सोमवार दोपहर बाद कोतवाली में आईपीएस अधिकारी सीओ निहारिका तोमर ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस जांच और आरोपी मां बाप से पूछताछ में किशोरी का किसी शादी शुदा युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था और 24 फरवरी की रात को ही किशोरी की गला दबाकर हत्या कर मूल निवास अजीमनगर रामपुर यूपी में दफनाने की कोशिश की गई। कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर रुद्रपुर लाया गया और पोस्टमार्टम कराया गया। सीओ के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में



**एसएसपी ने टीम को ईनाम देने की घोषणा की**

आईपीएस अधिकारी सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को एसएसपी की ओर से 1500 रुपए ईनाम देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस मामले की सूचना पुलिस को दरोगा एनएस मनवाल ने दी थी।

गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी मां बाप को गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद कर लिया। विवेचना कोतवाल धीरेंद्र कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी पिता शफी अहमद निवासी बजावाला अजीमनगर रामपुर और उसकी पत्नी खातून जहां को जेल भेज दिया। टीम में कोतवाल के अलावा एसएसआई कमाल हसन, एसएसआई केसी आर्या, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, अमित जोशी, महेंद्र कुमार, महिला कांस्टेबल ममता आर्या, दीप चंद्र आदि थे।

# आगरा से नैनीताल घूमने आए दो पर्यटक अनियंत्रित होकर गिरे, गंभीर घायल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के नैना पीक चोटी में ट्रैकिंग के बाद वापसी के दौरान उत्तर प्रदेश आगरा से नैनीताल घूमने आए दो पर्यटक अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में एक पर्यटक मामूली जबकि एक गंभीर रुप से चोटिल हो गया। स्थानीय गांव के लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों पर्यटक को खाई से बाहर निकाल और जिला अस्पताल बी.डी. पांडे ले आए जहां से एक पर्यटक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश आगरा निवासी विजय चौहान व आदि तोमर नैनीताल घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। रविवार को वह दोनों ट्रैकिंग के लिए चाइना पीक गए थे। देर शाम वापसी में दोनों ने मुख्य रास्ते के बजाए शार्टकर्ट रास्ता चुना। इस बीच पीछे चल रहे विजय अनियंत्रित होकर पांच से 6 मीटर गहरे गढ्ढे में गिर गए। इस बीच नीचे को लुढ़कने के दौरान उनका दोस्त भी चपेट में आ गया।

दोनों को गिरता देख कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। इस बीच वन विभाग के कर्मचारी भी जिला चिकित्सालय पहुंच गए। जिला अस्पताल के डॉ हिमांशु ने बताया कि विजय चौहान को गंभीर चोटे आई है जिन्हें हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। आदि तोमर को मामूली चोटे आई हैं, जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर धारा-144 के दिए आदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा 2024 की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 27 फरवरी (आज) से 16 मार्च के मध्य सम्पन्न होनी हैं।

परीक्षाओं में नकल की रोकथाम व सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न किए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने सम्बन्धित सभी परगना मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 गज की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत आदेश पारित करने के निर्देश दिये हैं। जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने नैनीताल, धारी, कोश्यां कुटौली, रामनगर, लालकुंआ, हल्द्वानी व कालाढूंगी के नामित परगना मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार को निर्देशित किया है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न किए जाने के लिए आवश्यक है कि परीक्षा केंद्रों का पूर्व से ही निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर तथा भीतर अनुशासनहीनता, धमकी तथा मारपीट तथा घातक आक्रमण जैसी घटनाएं एवं परीक्षार्थियों को अनुचित साधन उपलब्ध न करा पाएं इसके लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत पडने वाले परीक्षा केंद्रों का प्रत्येक दिन निरीक्षण करेंगे तथा परीक्षा केंद्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा केंद्र व्यवस्थापकों को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करेंगे और शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर असमाजिक तत्वों अथवा वाह्य व्यक्तियों को एकत्र न होने दें।

सभी परगना मजिस्ट्रेट/संबंधित पुलिस अधिकारी परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक दौरा करना सुनिश्चित करें तथा केंद्र व्यवस्थापक से मिलकर सुरक्षा से संबंधित कार्य सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के बाहर असमाजिक तत्वों तथा व्यक्तियों को एकत्र न होने देने हेतु उत्तरदायी होंगे, साथ ही संबंधित परगना मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टरों में परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालनतथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उत्तरदायी होंगे।

### आज चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**देहरादून।** भाजपा की चुनाव प्रबंधन की बैठक में संभावित प्रत्याशियों के लिए नामों के पैनल पर मंथन होगा प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में समिति के सभी 38 विभागों के प्रमुख एवं सह प्रमुख शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की चुनाव प्रबंधन की बैठक मंगलवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में होगी। बैठक में चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी।

# जल संस्थान पीटीसी संगठन की बैठक आयोजित

नैनीताल/धारी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड जल संस्थान पीटीसी संगठन की बैठक धारी ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। वर्तमान में उत्तराखंड जल संस्थान में लगभग सभी ग्रामीण योजनाओं को पीटीसी कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किया जा रहा है।

लेकिन वर्तमान समय में प्रत्येक कर्मचारी को सिर्फ ?4000 मानदेय ही प्राप्त हो रहा है। पूर्व में विभाग द्वारा पीटीसी कर्मचारियों से केवल वाल्व खोलने एवं बंद करने का ही कार्य लिया जाता था लेकिन वर्तमान में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति हो जाने के कारण एवं विभाग में नई भर्ती न होने के कारण लगभग सभी कर्मचारियों को टैंक के वाल्व खोलने के साथ-साथ योजनाओं का संचालन भी करना पड़ रहा है।

जिसमें प्रत्येक पीटीसी कर्मचारी लगभग 6 से 7 घंटे तक कार्य कर रहा है जबकि उसको सिर्फ ?4000 ही मानदेय दिया जा रहा है जो की बड़ा ही दुखद विषय है। इसलिए सभी पीसी कर्मचारी अपने संगठन के माध्यम से अपनी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें भी कम से कम न्यूनतम मानदेय दिया जाए।

धारी ब्लॉक के पीटीसी कर्मचारियों ने संगठन में सदस्यता ली और अपनी मांगो को पूरा करने का संकल्प लिया। सभा का संचालन शिव सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदीप कुमार पंकज मेहरा, मान सिंह बिष्ट अध्यक्ष, पूरन राम , हरीश नयाल ,आनंद सिंह , रमेश चंद्र, अमर सिंह बिष्ट, जीवन सिंह कर्मचारी व पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

# नगर निकाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने कर्मचारियों का आह्वान किया है कि वह पालिका हित में टीम भावना से कार्य करें। कहा कि पालिका प्रशासन उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।



बता दें पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने यह विचार सोमवार को पालिका सभागार में नगर निकाय कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाने के बाद वक्त किए। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मुबारकबाद देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने महासंघ के अध्यक्ष मोहन सिंह चिलवाल, उपाध्यक्ष दीपराज, सचिव हिमांशु चंद्रा तथा उप सचिव गोविंद राम को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर पालिका की ईओ पूजा चंद्रा समेत जेई डीएस मेहरा तथा कर निरीक्षक सुनील खोलिया ने भी नव निर्वाचित पदाधिकारियों से पालिका प्रशासन व कर्मचारी हित में टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व सभासद मनोज जोशी, प्रशासनिक अधिकारी शिव राज सिंह नेगी, ईश्वरी दत्त बहुगुण, हंसा दत्त बहुगुणा, गोविंद रावत, पीयूष भंडारी समेत देवभूमि सफाई कर्मचारी महासंघ के सचिव सोनू सहदेव, नवीन प्रसाद, हरीश मेलकानी, ललित पांडे, सूरज चौहान, दीपक ठठोला, शाकिर अली,जफर अली, चेतन जोशी,नरेंद्र रावत, गिरीश चंद्रा, लीला भट्ट तथा नेहा आदि मौजूद थे। संचालन पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह नेगी ने किया।